अनुस्मारक- - विषय- आंतरिक मूल्यांकन- सत्रीय कार्य की सूचना
हिंदी विभाग, राजकीय महाविद्यालय किच्छा, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड
- दिनांक- 28/ नवम्बर/2023

समस्त छात्र छात्रा
हिंदी मेजर/कोर

महाविद्यालय के तृतीय सेमेस्टर हिंदी मेजर- कोर- के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि **सत्रीय कार्य संबंधी सूचना (अनुस्मारक-)** पुनः दी जा रही है-

सत्रीय कार्य**(अनुस्मारक-)** दिए जाने की तिथि- 28/ नवम्बर/2023

सत्रीय कार्य जमा करने की तिथि – 10/दिसंबर/ 2023

1- प्रश्नपत्र का नाम- **रीतिकालीन काव्य एवं काव्यांग**
2- **आंतरिक मूल्यांकन हेतु कुल निर्धारित अंक – 25- जिनका विभाजन निम्नवत है _**

खंड क – सत्रीय कार्य/ प्रेजेंटेशन- 15 अंक- प्रत्येक प्रश्न 7.5 अंक का है |

खंड ख- रीतिकाल की विशेषताओं पर पोस्टर- 05

खंड ग – उपस्थिति/ महाविद्यालय के रचनात्मक कार्यक्रमों में सहभागिता – 05 अंक

सत्रीय कार्य हेतु दिए गए निर्देशों को सावधानीपूर्वक पढ़ें तथा उनका पालन करें |

खंड क

निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर पांच सौ शब्दों में लिखिए| आपकी सुविधा के लिए प्रत्येक प्रश्न के मुख्य विषय तथा उपविषय का उल्लेख किया जा रहा है |

प्रश्न 1- **मुख्य विषय-** रीतिकालीन काव्य **उपविषय-** रीतिमुक्त काव्यधारा

प्रमुख रीतिकालीन कवियों का नामोल्लेख करते हुए रीतिमुक्त काव्यधारा में घनानंद की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए |

प्रश्न 2- **मुख्य विषय-** काव्यशास्त्र/ काव्यांग **उपविषय-** रस तथा शब्द शक्ति

काव्यांगों से आप क्या समझते हैं? रस के अंग तथा शब्द शक्ति का संक्षेप में परिचय दीजिए |

प्रश्न 3- **मुख्य विषय-** रीतिकालीन काव्य **उपविषय-** रीतिबद्ध तथा रीतिसिद्ध कवि

बिहारी अथवा देव कवि का रचनात्मक परिचय दीजिए |

<u>खंड – ख</u>

रीतिकाल की विशेषताओं पर एक पोस्टर बनाकर अनिवार्य रूप से जमा करेंगे | पोस्टर किसी कवि की विशेषताओं पर भी बनाया जा सकता है | पोस्टर कार्य के लिए पांच अंक निर्धारित हैं |

परामर्श - सत्रीय कार्य के लिए आप कक्षा नोट्स, पाठ्यग्रन्थ, हिंदी साहित्य का सुबोध इतिहास- बाबू गुलाबराय के अतिरिक्त **ई पी जी पाठशाला** हिंदी के अंतर्गत **पेपर** (मध्यकालीन कविता – का चयन करें तथा उसके उपरान्त प्रश्न के अनुरूप) **मोड्यूल** का चयन कर सकते हैं | **रीतिकालीन काव्य को समझने में डॉ० नगेन्द्र की पुस्तक रीतिकाव्य की भूमिका** सहायक हो सकती है |

खंड ग –

उपस्थिति/ महाविद्यालय के रचनात्मक कार्यक्रमों में सहभागिता – 05 अंक



डॉ प्रकाशचंद भट्ट
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर हिंदी
राजकीय महाविद्यालय किच्छा

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ-

1- संयोजक आई क्यू ए सी को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ |

डॉ प्रकाशचंद भट्ट
असिस्टेंट प्रोफ़ेसर हिंदी
राजकीय महाविद्यालय किच्छा